तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 जून 2026


10 बस्तर की सबसे महंगी सब्जी 'बोड़ा' की बाजार ...


10 आदिवासियों की बेदखली रोकने की मांग को...



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
19 जून 2026
कूपन नं.
4

# बैम्बू राफ्टिंग रोमांच का नया केंद्र मुनगाबहार पर्यटकों को कर रहा आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान मुनगाबहार नाला में पर्यटकों को 21 ग्रामीण युवक बांस की राफ्टिंग का रोमांचक अनुभव दे रहे हैं। मुनगाबहार नाला में गांव की स्थानीय युवक कांगेर नदी में पर्यटकों को बांस की राफ्टिंग का रोमांचक अनुभव दे रहे हैं।

बैम्बू राफ्टिंग के संचालक ने बताया कि पर्यटक लगभग आधे घंटे में 500 मीटर तक के प्राकृतिक नजारों का लुत्फ उठा रहे हैं। पर्यटकों को इको-टूरिज्म पहल पर्यटकों को हरियाली, झरनों और गुफाओं के बीच प्रकृति के करीब ले जा रही है। स्थानीय स्तर पर पारंपरिक बांस से बनी नावों द्वारा नदी के शांत बहाव में सैर कराई जाती है। प्रकृति की अनुपम छटा, जनजातीय संस्कृति की आत्मीयता और रोमांच से सराबोर बस्तर अंचल का खूबसूरत मुनगाबहार नाला तेजी से उभरते इको-टूरिज्म केंद्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। यह मनोरम स्थल अपने घने जंगलों, स्वच्छ कांगेर नदी और ग्रामीण परिवेश की सादगी के कारण देश-विदेश के सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## आधे घंटे में पर्यटकों को 500 मीटर तक नाला में सैर करा रहे युवक

### विदेशी मेहमानों को भा रही बस्तर की आत्मीयता

बैम्बू राफ्टिंग के संचालक सोनू ने बताया कि बस्तर की पारंपरिक संस्कृति और ग्रामीण जीवनशैली को करीब से समझने का सबसे लोकप्रिय माध्यम बन गया है। अपनी अनूठी और आत्मीय मेजबानी के कारण विदेशी पर्यटकों के बीच भी तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। आधुनिक शहरों की भागदौड़ से दूर यहां आने वाले पर्यटक बस्तर के पारंपरिक जीवन के साथ आत्मिक जुड़ाव महसूस करते हैं।



### स्थानीय युवाओं को मिला रोजगार

कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि सामुदायिक सहभागिता आधारित पर्यटन नीति का सीधा और सकारात्मक असर अब बस्तर के ग्रामीण अंचलों में देखने को मिल रहा है। स्थानीय आदिवासी युवाओं को सीधे तौर पर स्थायी रोजगार मिल रहा है। इससे न केवल पलायन पर रोक लगी है, बल्कि जनजातीय परंपराओं और स्थानीय विरासत के संरक्षण को भी एक नई दिशा मिली है।

## खबर संक्षेप

### महंगाई से जनता त्रस्त सरकार बेफिक्र : चौधरी



**जगदलपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी बयान में कहा कि जनता आज महंगाई की मार से त्रस्त है। खाद्य पदार्थों, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। इसके बावजूद सरकार जनता को राहत देने के बजाय लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, वहीं बिजली दरों में वृद्धि कर उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता पर सरकार की यह नीति जनविरोधी है।सरकार की नीतियों का लाभ चुनिंदा बड़े उद्योगपतियों को मिल रहा है, जबकि आम नागरिकों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है।

### शालाओं में लागू आदेश वापस ले सरकार : ठाकुर



**जगदलपुर।** सर्व आदिवासी समाज ने स्कूल शिक्षा विभाग के 12 जून को जारी आदेश के विरोध में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री एवं संस्कृति मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। समाज ने आदेश को संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना तथा आदिवासी समाज की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान के विरुद्ध बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग की है। शासकीय विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र, गायत्री मंत्र सहित अन्य धार्मिक गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। सर्व आदिवासी समाज का कहना है कि छत्तीसगढ़ एक बहुधार्मिक, बहुसांस्कृतिक और बहुभाषी राज्य है। जहां विभिन्न समुदायों के साथ आदिवासी समाज की अपनी विशिष्ट धार्मिक मान्यताएँ, पेन परंपरा, सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक ज्ञान प्रणाली विद्यमान है। सर्व आदिवासी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि उक्त आदेश को वापस नहीं लिया जाता है, तो संविधान प्रदत्त ▶▶| शेष पेज 10 पर

### अव्यवस्था का आलम, नहीं रहते 24 घंटे डॉक्टर, सिविल सर्जन ने कहा, बंद करने की बन रही है स्थिति

# डॉक्टर के अभाव में आईसीयू बीमार वेंटिलेटर ने भी ले ली अंतिम सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिला मुख्यालय में इन दिनों एकमात्र आईसीयू अस्पताल डॉक्टरों के अभाव में अव्यवस्थित हो चुका है। एक ओर जहां इसका संचालन संविदा स्टॉफ नर्स के माध्यम से हो रहा है वहीं दूसरी ओर जिला अस्पपताल के सिविल सर्जन ने अव्यवस्था को स्वीकार करते कहा कि डाक्टरों की कमी के कारण कभी भी इसे बंद करना पड़ सकता है। जिले मे बेहत्तर स्वास्थ्य सुविधा के भले ही दावे किए जाएं लेकिन दीया तले अंधरा की कहावत चरितार्थ होती नजर आती है। जिले का एकमात्र आईसीयू इन दिनों खुद बीमार हो गया है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

अलग खबर



### ये कैसा आईसीयू जो खुद बीमार है

आईसीयू का सही मायने में मरीजों की प्राणों की रक्षा करने का सबसे बेहत्तर स्थान होता है। लेकिन यही आईसीयू अब अव्यवस्था व देखरेख के अभाव में खुद शासन प्रशासन से अपनी प्राणों की रक्षा करने की गुहार लगा रहा है। इस आईसीयू रूम में कहने को तो वेंटिलेटर है लेकिन वो भी फिलहाल कोमा में है जो एक किनारे फेंक दिया गया है। बताया जाता है कि आईसीयू रूम में वेंटिलेटर का होना अत्यंत आवश्यक है। वेंटिलेटर एक जीवन-रक्षक मेडिकल मशीन है। इसे कृत्रिम श्वसन यंत्र या ब्रीदिंग मशीन कहा जाता है। यह उन मरीजों की मदद करती है जो किसी बीमारी, चोट या सर्जरी के कारण खुद से सांस लेने में असमर्थ होते हैं।

### आईसीयू में कूलर से हवा

जिला अस्पताल में आईसीयू में एसी के बजाय 4 वाटर कूलर का उपयोग किया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि आईसीयू में नियंत्रित तापमान, अत्याधुनिक उपकरण और चिकित्सकों की चौबीसों घंटे उपलब्धता अनिवार्य होती है। एसी खराब रहने और डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति नहीं होने से गंभीर मरीजों के उपचार की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। जानकारी के अनुसार आईसीयू में लगाए गए 3 एसी मे 2 लंबे समय से खराब पड़े हैं। जिसके कारण मरीजों को राहत देने के लिए कूलर का सहारा लिया जा रहा है। भीषण गर्मी और उमस के बीच गंभीर मरीजों का उपचार कूलर की हवा में किया जाना अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है।

# बारिश के बीच कॉमन सर्विस सेंटर पहुंचे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- किसान एवं एग्रीस्टैक पंजीयन का लिया जायजा
- बड़े चकवा के मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कलेक्टर आकाश छिकारा ने गुरुवार को लगातार बारिश के बीच मुंडागांव के बाजारपारा स्थित कॉमन सर्विस सेंटर का निरीक्षण कर किसान पंजीयन एवं एग्रीस्टैक पंजीयन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपस्थित किसानों से चर्चा कर पंजीयन प्रक्रिया, आ रही समस्याओं तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने सीएससी संचालक को निर्देशित किया कि किसानों के पंजीयन कार्य को प्राथमिकता के साथ करें और किसी भी पात्र किसान को पंजीयन से वंचित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक पंजीयन किसानों को कृषि संबंधी शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के आवश्यक है, इसलिए इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पंजीयन संबंधी दस्तावेजों, ऑनलाइन ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मुक्तिधाम को आध्यात्मिक स्वरूप देने लगेगी शिव की विशाल प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- समाज प्रमुखों के साथ महापौर ने मुक्तिधाम को अधिक बेहतर बनाने लिया जायजा



प्रवीर वार्ड के खड़कघाट मुक्तिधाम के उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण के संबंध में महापौर संजय पांडे ने नगर के विभिन्न समाजों से सुझाव आमंत्रित किए थे। गुरुवार को समाजों के लोगों के साथ महापौर ने मुक्तिधाम परिसर का अवलोकन किया और आवश्यक व्यवस्थाओं एवं विकास कार्यों पर चर्चा की।

इस दौरान मुक्तिधाम में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर समाज प्रमुखों ने पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छता, शौचालय, स्नानागार, पेयजल, प्रकाश, बैठने की सुविधा, मार्गों के उन्नयन तथा हरित वातावरण विकसित करने जैसे सुझाव दिए। लॉकर रूम को सुचारू रूप से संचालित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान महापौर और समाज प्रमुखों ने मुक्तिधाम में आध्यात्मिक वातावरण विकसित करने भगवान शिव की विशाल प्रतिमा तथा दीवारों में भगवत गीता के श्लोक लिखवाने पर सहमति बनी। मुक्तिधाम में असामाजिक तत्वों और जानवरों के प्रवेश को रोकने एक आधुनिक और सुंदर बाउंड्री वाल निर्माण तथा पार्क को अधिक सुंदर बनाने के विषय में महापौर ने जानकारी दी। समाज प्रमुखों ने प्रशंसा जाहिर करते सहमति दी। महापौर ने कहा कि बारिश की वजह से मुक्तिधाम के घाट को जो नुकसान हुआ है उसकी भी मरम्मत की जायेगी। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे कुछ सुझाव मिलकर अथवा फोन के माध्यम से दे सकते हैं। नगर का विकास सामूहिक जिम्मेदारी है इसमें सभी की सहभागिता का स्वागत है। इस दौरान अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, योगेन्द्र पाण्डे, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज , प्रवीर वार्ड पार्षद शेख जाहिद हुसैन एवं समाज के प्रमुख पं.रोमित तिवारी, जे.बी. सिंह, अनूप जैन, धरमचंद शर्मा,जयंत नायडू, यशवर्धन राव, नवरत्न ▶▶| शेष पेज 10 पर




### भाजपा से सरकार नहीं संभल रही, केवल जनता पर बोझ डालने का काम कर रही

# बिजली के दाम बढ़ाना जनता पर अत्याचार दरों में वृद्धि का कांग्रेस कर रही पुरजोर विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा सरकार का बिजली के दाम बढ़ाना जनता पर अत्याचार है बिजली के दाम पांचवी बार बढ़ाये जाने का कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। भाजपा सरकार ने इस बार घरेलू उपभोक्ताओं के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोत्तरी किया है। भाजपा सरकार ने किसानों को भी नहीं बख्शा कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की गयी है। भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार पांचवी बार बिजली के दाम बढ़ाये गये है। पहले से ही बिजली के बेतहाशा बिल जनता की परेशानी का कारण बने हुए है।



उक्त बातें शहर के राजीव भवन में गुरूवार को आयोजित पत्रवार्ता में कांग्रेस के पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कही। उन्होंने कहा कि सरकार उसमें राहत देने के बजाय बिजली के दामो में बढ़ोत्तरी कर रही है। हाल ही में भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार के रूप में बढ़ोत्तरी किया था। कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ोत्तरी बिजली के दामों में किया था, उसमें भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू थी। सरकार का बिजली विभाग उपभोक्ताओं को बिल के नाम पर लूटने में ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सरकार जनहित में स्मार्ट मीटर ले वापस

श्री मरकाम ने बताया कि स्मार्ट मीटर से खपत बढ़ा कर फिर खपत ज्यादा होने का हवाला देकर अनुबंध भार बढ़ा दिया जा रहा है और एग्रीमेंट से अधिक खपत की बात कर बड़े अनुबंध भार के आधार पर अर्थदंड जोड़कर बिजली के बिल भेजे जा रहे है। जून माह में 45 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल औसत से तीन गुना आया है। भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय जनता को लूटने में लगी है। हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली बिल ज्यादा आने का तीन कारण है, पहला सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिया, दूसरा बिजली बिल हाफ योजना बंद हो गई, तीसरा स्मार्ट मीटर लगाए गए है जो अनाप शनाप खपत से अधिक रीडिंग बता रहा जिससे बिल अधिक आ रहा। उत्तरप्रदेश में स्मार्ट मीटर वहां की भाजपा सरकार ने वापस लेने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में भी सरकार जनहित में स्मार्ट मीटर वापस ले।

# बस्तर की सबसे महंगी सब्जी 'बोड़ा' की बाजार में दस्तक, कोंडागांव में 2000 रु. किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मानसून की दस्तक के साथ ही बस्तर की बहुप्रतीक्षित और दुर्लभ वन उपज 'बोड़ा' जंगली मशरूम एक बार फिर बाजारों में पहुंच गई है। कोंडागांव में इन दिनों बोड़ा की जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है। स्थानीय बाजारों में यह 500 प्रति सोली यानी लगभग 2000 प्रति किलोग्राम की कीमत पर बिक रहा है। ऊंची कीमत के बावजूद इसके शौकीन बिना मोलभाव के खरीद रहे हैं।

शहर के घड़ी चौक, सखी सेंटर चौक और अन्य प्रमुख बाजारों में बोड़ा बेचने वाले ग्रामीणों और खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। सुबह से ही लोग इस मौसमी व्यंजन को खरीदने पहुंच रहे हैं और सीमित उपलब्धता के कारण कई बार कुछ ही देर में पूरा स्टॉक खत्म हो जाता है। बोड़ा प्रेमियों के लिए यह केवल एक सब्जी नहीं, बल्कि स्वाद और परंपरा का अनोखा अनुभव है। स्थानीय लोग पूरे साल इसके बाजार में आने का इंतजार करते हैं। बारिश के शुरुआती दिनों में जंगलों में प्राकृतिक रूप से उगने वाला यह बोड़ा कुछ ही समय के लिए उपलब्ध रहता है, इसलिए इसकी मांग हमेशा आपूर्ति से अधिक रहती है। बोड़ा प्राकृतिक रूप से जंगलों में उगता है और इसे खोजने के लिए ग्रामीणों को सुबह-सुबह वन क्षेत्रों में जाना पड़ता है। सीमित मात्रा में मिलने और इसे एकत्र करने में लगने वाली मेहनत के कारण इसकी कीमत काफी अधिक रहती है। कई आदिवासी परिवारों के लिए यह बारिश के मौसम में अतिरिक्त आय का भी महत्वपूर्ण स्रोत बनता है।

## 500 सोली के भाव बिक रहा बोड़ा, शौकीनों में खरीदने की लगी होड़

### कुछ समय बाद घट सकती है कीमत

व्यापारियों का कहना है कि फिलहाल बाजार में बोड़ा की आवक कम होने से कीमतें ऊंची हैं। यदि आने वाले दिनों में बारिश होती है और धूप निकलती है तो जंगलों में इसकी उपलब्धता बढ़ती है, तो दामों में कुछ नरमी आ सकती है। हालांकि शुरुआती दौर में हर साल इसकी कीमतें इसी तरह ऊंची रहती हैं।

### स्वाद और पौष्टिकता का अनोखा मेल

स्थानीय व्यंजनों में बोड़ा की विशेष पहचान है। मसालों के साथ पकाई गई इसकी सब्जी का स्वाद बेहद लाजवाब माना जाता है। पारंपरिक खानपान से जुड़े लोग इसे पौष्टिक और प्रा-तिक खाद्य पदार्थ के रूप में भी देखते हैं, जिसके कारण इसकी लोकप्रियता लगातार बनी रहती है।



### बस्तर की पहचान बन चुका है बोड़ा

बस्तर क्षेत्र में बोड़ा केवल एक मौसमी सब्जी नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और खानपान का अभिन्न हिस्सा है। हर वर्ष इसके बाजार में आते ही लोगों में उत्साह देखने को मिलता है और कुछ ही दिनों के लिए उपलब्ध यह वन उपज स्वाद के शौकीनों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होती।

## खबर संक्षेप

### केशकाल नगर पंचायत में लगा लोक कल्याण मेला



**केशकाल।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि याने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत पथ विक्रेताओं, शहरी गरीबों एवं असंगठित श्रमिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तथा वित्तीय सहायता के समायोजन के उद्देश्य से नगर पंचायत में लोक कल्याण मेला 10 जून से 26 जून तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत 10 जून, 17 जून एवं 26 जून को नगर पंचायत के सभागार में 11 बजे मेला आयोजित किया गया है। आयोजन नगर पंचायत सभागार में सुबह 11 से आयोजित किया जा रहा है। मेले में पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को जानकारी दी। छत्तीसगढ़ के शहरों में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिनकी आजीविका फुटपाथ, ठेले और छोटी दुकानों पर निर्भर है। कोरोना काल के बाद आर्थिक संकट से जूझ रहे इन परिवारों के लिए पीएम स्वनिधि योजना संजीवनी साबित हुई है। अब सरकार इस अभियान के माध्यम से उन लाभार्थियों तक भी पहुंचना चाहती है जो अब तक इस योजना से नहीं जुड़ पाए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से बैंकों को लंबित ऋण प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने और फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के माध्यम से नए आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब एक रेहड़ी लगाने वाले व्यक्ति को समय पर पूंजी मिलती है, तो केवल उसका व्यवसाय ही नहीं बढ़ता, बल्कि उसके बच्चों की पढ़ाई, परिवार की सुरक्षा और जीवन की उम्मीद भी मजबूत होती है।

### बेचा में पशु चिकित्सा शिविर 86 पशुओं का टीकाकरण



**कोण्डागांव।** वर्षा ऋतु से पहले दूरस्थ एवं पहुंचविहीन ग्राम बेचा में पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए विभिन्न सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर के दौरान कुल 86 बकरियों का एंटेरोटॉक्सीमिया रोग के विरुद्ध टीकाकरण किया गया। साथ ही पशुपालकों को रोगों की रोकथाम एवं पशुओं की देखभाल संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में 21 पशुओं को आवश्यक औषधियां वितरित की गईं। इसके अलावा 16 पशुओं का उपचार किया गया तथा 32 पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाई गई। वहीं 8 बकरों का बधियाकरण भी किया गया। पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. के.के. कोर्राम ने पशुपालकों को वर्षा ऋतु में पशुओं में होने वाली बीमारियों, उनके लक्षणों और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सभी पशुओं का समय पर टीकाकरण कराने की अपील की। शिविर में पशुपालकों को पशुधन विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर पशुपालन को अधिक लाभकारी बना सकें। कार्यक्रम में एवीएफओ आलोक नेताम, संजीत मरकाम, परिचारक सनत कोर्राम, मोबाइल वेटरनरी यूनिट के खेमराज साहू सहित बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# आदिवासियों की बेदखली रोकने की मांग को लेकर सीपीआई का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ चौपाटी मैदान में प्रदर्शन के बाद कलेक्टर व एसडीएम कार्यालय पहुंचकर उठाई आवाज

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई जिला परिषद ने आदिवासी परिवारों को कथित रूप से वन एवं राजस्व भूमि से बेदखल किए जाने के विरोध में एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन किया। इसके बाद पार्टी पदाधिकारियों और प्रभावित ग्रामीणों ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर और एसडीएम कार्यालय में सौंपकर बेदखली की कार्रवाई तत्काल रोकने की मांग की।

ज्ञापन में सीपीआई ने आरोप लगाया कि कोंडागांव जिले के विभिन्न वन एवं राजस्व क्षेत्रें में वर्षों से निवास और खेती–किसानी कर रहे अनेक आदिवासी परिवारों को मानसून के दौरान घरों और खेतों से बेदखल किया जा रहा है। पार्टी का कहना है कि इससे महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो रहे हैं।




सीपीआई ने अपने ज्ञापन में मांग की कि सभी पात्र आदिवासी परिवारों को वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत अधिकार पत्र पट्टे प्रदान किए जाएं। साथ ही प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, राहत और उनके आजीविका अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि जिन क्षेत्रों में आदिवासी परिवार वर्षोंर् से निवास और खेती कर रहे हैं, वहां अब बुलडोजर चलाकर उन्हें हटाया जा रहा है। सीपीआई ने इस कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए इसकी निंदा की और संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की। सीपीआई नेताओं ने कहा कि यदि आदिवासी परिवारों की बेदखली नहीं रोकी गई और उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी इस मुद्दे को व्यापक जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएगी और राज्य स्तर पर भी इसे प्रमुखता से उठाएगी।

### चार प्रमुख मांगों के साथ सौंपा ज्ञापन

*ज्ञापन में सीपीआई ने सरकार के समक्ष प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें आदिवासी परिवारों के घरों और खेतों से बेदखली तत्काल रोकना, वन अधिकार अधिनियम के तहत पात्र लोगों को पट्टे जारी करना, प्रभावित परिवारों को राहत एवं पुनर्वास उपलब्ध कराना, इस मामले पर उचित कार्रवाई करना शामिल है।*

### बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण रहे मौजूद

*धरना–प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान सीपीआई के बस्तर संभाग संयोजक तिलक पाण्डे, जिला सचिव शैलेष, सहायक सचिव जयप्रकाश एवं दिनेश सहित सराद्, लक्ष्मण, सोमारू, शिवशंकर, रामचंद, घसियाराम, सुकलाल, छबीलाल तथा जिले के विभिन्न गांवों से आए पार्टी कार्यकर्ता और प्रभावित आदिवासी किसान उपस्थित रहे।*

# सड़क हादसे में व्यापारी हुसैन विरानी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर ग्राम सिंगनपुर में गुरुवार शाम सड़क हादसे में नगर के वरिष्ठ व्यापारी हुसैन विरानी की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब उनकी क्रेटा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई।

जानकारी के अनुसार हुसैन विरानी अपनी क्रेटा कार से केशकाल से कोंडागांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगनपुर में वेयरहाउस के सामने उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें कार से बाहर निकाला और केशकाल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि हुसैन विरानी दो दिन पहले ही सऊदी अरब से हज यात्रा पूरी कर वापस लौटे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। हुसैन विरानी के निधन की खबर फैलते ही केशकाल सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। व्यापारिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

## योगा फॉर हेल्थी एजिंग थीम पर होगा योग दिवस

**कांकेर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तर पर सामूहिक योग दिवस का कार्यक्रम न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर में योगा फॉर हेल्थी एजिंग के थीम पर आयोजित किया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम के सुव्यवस्थित और सफल संचालन के लिए प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी ने जिले के सभी विकासखण्ड के नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों में योगा फॉर हेल्थी एजिंग एवं फ्री योगा लाईव सेशन के संदेश को प्रोत्साहित करते हुए सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। इस आयोजन में गणमान्य नागरिकों, दिव्यांगजन, उभयलिंगी व्यक्ति, वंचित समूह, विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह, समस्त आयु वर्ग के महिला, पुरूष, एनजीओ, विभिन्न संस्थाओं एवं छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया जाएगा।

# कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर प्रगतिरत परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वीकृत एवं निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने सड़कों, पुल–पुलियों, शासकीय भवनों सहित अन्य अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। बैठक में जिले में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार तथा जल संरक्षण से जुड़े कार्योंर् की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

**नियमित मॉनिटरिंग के दिए निर्देश** – कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग करते हुए कार्योंर् की प्रगति पर सतत नजर रखने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, राष्ट्रीय राजमार्ग, हाउसिंग बोर्ड, सीजीएमएससी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने निर्माणाधीन केशकाल बायपास मार्ग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने गुरुवार को केशकाल घाटी में निर्माणाधीन बायपास मार्ग का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण एजेंसी से परियोजना की विस्तृत जानकारी लेते हुए पुलों के निर्माण तथा अन्य आवश्यक कार्यों को सुनियोजित ढंग से निर्धारित समय-सीमा में प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उल्लेखनीय है कि लगभग 308 करोड़ रुपये की लागत से 11.38 किलोमीटर लंबे केशकाल घाट बायपास का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत दो वृहद एवं दो मध्यम पुलों का भी निर्माण किया जाएगा। बायपास के निर्माण से केशकाल घाटी में यातायात सुगम होगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम केशकाल आकांक्षा नायक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी, मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एंड रन मामलों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहर में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी, मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एंड रन मामलों को लेकर अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में लंबे समय से जेल में निरुद्ध, जमानत के बावजूद रिहाई न पा सके तथा पात्र बंदियों के मामलों की समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पात्र बंदियों को विधि अनुसार राहत प्रदान करने तथा न्यायिक प्रक्रियाओं को तेज करने पर विशेष बल दिया गया। 21, 22 एवं 23 अगस्त को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत एवं समाधान समारोह की तैयारियों पर विचार–विमर्श किया गया। मॉनिटरिंग सेल की बैठक में नए जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन आवासीय परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी



एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

***पीड़ितों के लिए सुविधायुक्त कक्ष बनाने पर जोर*** *– पीड़ित महिलाओं, बच्चों एवं परिजनों के लिए वातानुकूलित और सुविधायुक्त प्रतीक्षा एवं परामर्श कक्ष विकसित करने के संबंध में चर्चा हुई। अज्ञात वाहनों से हुई दुर्घटनाओं में मृतक एवं घायलों के लिए क्लेम और क्षतिपूर्ति प्रक्रिया को सरल एवं समयबद्ध बनाने पर चर्चा की गई। दुर्घटना संबंधी दस्तावेज तैयार कर एसडीएम को प्रस्तुत करने तथा शिविरों एवं प्रचार–प्रसार के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए गए।*

## 46 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण पांच मरीजों में कैंसर की पुष्टि

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल कोण्डागांव में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। बाल्को मेडिकल सेंटर की 10 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने कैंसर के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार के महत्व की जानकारी देते हुए मरीजों की जांच की। शिविर के दौरान कुल 46 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर स्क्रीनिंग की गई। जांच के दौरान 5 मरीजों में कैंसर की पुष्टि हुई, जिन्हें आगे की जांच, उपचार एवं विशेषज्ञ परामर्श के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान होने पर उपचार की सफलता की संभावना काफी अधिक रहती है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से कैंसर संबंधी लक्षणों की उपेक्षा न करने और समय–समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने का आग्रह किया। शिविर के सफल आयोजन में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, सीएमएचओ डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, जिला अस्पताल के चिकित्सकों एवं बाल्को मेडिकल सेंटर की विशेषज्ञ टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# शाला प्रवेशोत्सव में ली नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने लिया नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प

ग्राम मसोरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विधायक सुश्री लता उसेंडी एवं कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की उपस्थिति में सभी ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों पर जागरुकता संदेश दिया गया। युवाओं को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहने की सीख देते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 17 से 26 जून तक नशामुक्त भारत सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान पोस्टर निर्माण, निबंध प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, साइकिल रैली, योग सत्र एवं सोशल मीडिया जागरुकता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




### जनजागरुकता अभियान को मिलेगा व्यापक विस्तार

जिला प्रशासन द्वारा शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों एवं विभिन्न विभागों के सहयोग से नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

## पेज 9 के शेष

### डॉक्टर के अभाव में...

डॉक्टरों के अभाव में जिला अस्पताल के आईसीयू की देखरेख अब डीएमएफ मद से नियुक्त संविदा स्टॉफ नर्स के माध्यम से संचालन किया जा रहा है।

**नियम 24 घंटे डॉक्टरों के रहने का:** जिला में अव्यवस्थाओं का मामला सामने आया है। गंभीर मरीजों के उपचार के लिए बनाए गए आईसीयू में 24 घंटे डॉक्टरों की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिजनों का आरोप है कि आईसीयू जैसे संवेदनशील वार्ड में हर समय विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी आवश्यक होती है। लेकिन कई बार डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहते और मरीजों की निगरानी केवल नर्सिंग स्टाफ के भरोसे होती है। इससे किसी भी आपात स्थिति में मरीजों की जान को खतरा हो सकता है। बताया जाता है कि आईसीयू में मरीज की हालत गंभीर होने पर कैजुअल्टी से आनन फानन में डॉक्टरों का बुलाया जाता है।

**संविदा स्टॉफ नर्स के हवाले आईसीयू:** जिला अस्पताल का आईसीयू छत्तीसगढ़ का पहला आईसीयू होगा जिसकी जिम्मेदारी संविदा स्टॉफ नर्स के हवाले में है। संवाददाता जब अपने एक परिचित से मिलने आईसीयू रूम में गए तो पता चला कि यहां पर 24 घंटे डाक्टर तो दूर की बात है 8 बेड में भर्ती मरीजों की जिम्मेदारी डीएमएफ व एनएचएम से भर्ती स्टॉफ नर्सों पर है। जिसमें से तीन पाली में सुबह 8 बजे से लेकर 2 बजे तक, दूसरा 2 बजे से 8 बजे तक, तीसरा 8 बजे से सुबह 8 बजे तक अपनी सेवा देते है। वैसे आईसीयू में वार्ड बॉय व वार्ड आया अपनी सेवा देने नही पहुंचते जबकि जिला अस्पताल में 19 के लगभग स्टॉफ है लेकिन आईसीयू में उनका कार्य स्टॉफ नर्सों को करनी पड़ती है।

**लाइट गई तो पेशेंट मॉनिटर बंद:** आईसीयू रूम में वैसे तो 8 बैड है जिसमें सभी में पेशेंट मॉनिटर लगे है। लेकिन गंभीर विषय यह है कि जब कभी भी लाइट चली गई तो सभी एक साथ कार्य करना बंद कर देते है। बताया जाता है कि उक्त सभी की बैटरी खराब हो चुकी है। वहीं आईसीयू में लगी आक्सीजन सप्लाई भी लाइट गुल होते ही बंद हो जाती है। आपातकालीन स्थिति में सिलेंडर भी रूम में रखा गया है।

**सोच रहे हैं इसे बंद ही कर दे:** जिला अस्पताल में आईसीयू की गंभीर हालत को स्वीकार करते हुए सिविल सर्जन डा. एम.आर. कश्यप ने कहा कि वहां लगे कूलरों को हटाने के निर्देश नोडल अधिकारी मुंकुद ठाकुर द्वारा दिए गए हैं। चूंकि आईसीयू में कूलर मरीजों को ज्यादा ठंड लगने के कारण लगाए गए थे। श्री कश्यप ने कहा कि डॉक्टरों की कमी को देखते हुए सोच रहे हैं, इसे बंद ही कर दें।

### बारिश के बीच कॉमन...

प्रक्रिया तथा केंद्र में उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ शीघ्र पंजीयन कराने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने बड़े चकवा के मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम गगन शर्मा, तहसीलदार जीवेश शोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मुक्तिधाम को आध्यात्मिक...

जलोटा, कौशिक शुक्ला, अभिषेक जैन रामनरेश पांडे, गोविन्द ईनानी, अवतार सिंह, स्वर्ण सिंह, राजेश दास, डॉ मनोज पाणिग्रही, मनीष मूलचंदानी, हरीश नागवंशी, आत्माराम जोशी, योगेश सिंह, रोशन झा, राजपाल कशेर, नवीन बोथरा, बी.के. सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### बिजली के दाम बढ़ाना...

लगा है। पिछले कुछ महिनों से बिजली के बिल तीन से चार गुना आ रहे है। उपभोक्ताओं को एक ही माह में ऑनलाइन, ऑफलाइन में अलग बिल भेजा जा रहा है। बिजली के खपत का अनुबंध भार क्षमता बिना उपभोक्ता की सहमति के बढ़ा दिया जा रहा है, जबकि उपभोक्ता की सहमति के बिना उसका अनुबंध भार नहीं बढ़ाया जा सकता। पत्रवार्ता में मुख्य रूप से बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य, ग्रामीण अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महामंत्री प्रशांत जैन, अल्ताफ उल्ला खान, ब्लॉक अध्यक्ष सूयापानी, वेंकट राव, रोजविन दास, लता निषाद, एस नीला आदि मौजूद रहे।

### शालाओं में लागू आदेश...

अधिकारों की रक्षा के लिए उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर न्यायिक समीक्षा की मांग की जाएगी। इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, पप्पू नाग, दिनेश यद्दु, रघुनाथ यादव, गंगा नाग, हरिस साहू, विक्रम लहरे, बसंत कश्यप, बी.एस. नेताम, शंकर सिंह, लखेश्वर कश्यप, एस.आर. नेताम, पी.डी. मेश्राम, विजय पोडियामी सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नीट यूजी परीक्षा 21 को, ड्रेस कोड व आवश्यक निर्देश जारी

**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों हेतु ड्रेस कोड एवं परीक्षा केंद्रों पर अनुमति वस्तुओं संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में सुरक्षा जांच की प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए निर्धारित समय से पहले पहुंचना होगा। पूर्ण बांह (फुल स्लीव) के वस्त्र अथवा ऊनी कपड़े आवश्यकता अनुसार पहनने की अनुमति होगी, वहीं धार्मिक आस्था से जुड़े वस्त्र एवं प्रतीक भी मान्य रहेंगे। हालांकि ऐसे अभ्यर्थियों को सुरक्षा जांच में अतिरिक्त समय लग सकता है, इसलिए उन्हें केंद्र पर समय से पूर्व पहुंचने की सलाह दी गई है। परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी केवल पारदर्शी (ट्रांसपेरेंट) पानी की बोतल लेकर जा सकेंगे। फुटवियर के रूप में चप्पल अथवा कम ऊंचाई वाली सैंडल पहनने को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अभ्यर्थियों से सरल एवं सामान्य परिधान पहनकर आने, परीक्षा केंद्र के कर्मचारियों के साथ सहयोग करने तथा सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। वहीं भारी आभूषण, अनावश्यक एक्सेसरीज तथा ऊंची एड़ी के जूते पहनकर आने से बचने की सलाह दी गई है।

### कलेक्टर ने लिया नशा मुक्ति केन्द्र का जायजा



**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र का जायजा लिया। कलेक्टर ने धरमपुरा क्षेत्र में स्थित नशा मुक्ति केंद्र में व्यवस्थाओं का अवलोकन कर हितग्राहियों से उनके स्वास्थ्य में हो रही सुधार, उनके दैनिक गतिविधियों के संबंध चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सुचिता लकड़ा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## चंदेल ककनार में आयोजित हुआ 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

■ पानी की समस्या के समाधान के लिए पानी टैंकर का किया वितरण

केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 साल बेमिसाल जनसंपर्क एवं जनजागरण अभियान के अंतर्गत आज लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के अंतिम छोर स्थित ग्राम पंचायत चंदेल एवं ककनार में कार्यक्रम हुआ। क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला समूहों की सदस्याएं तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, जनकल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं का लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है, जिससे गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा एवं आदिवासी समाज का जीवन स्तर बेहतर हुआ है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत चंदेल में ग्रामीणों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पानी की समस्या के समाधान के लिए पानी टैंकर का वितरण किया गया। विधायक गोयल ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और क्षेत्र में

**विधायक ने केंद्र सरकार की गिनाईं उपलब्धियां**



पेयजल सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। पानी टैंकर मिलने से ग्रामवासियों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी तथा जल संकट से निपटने में सहायता प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान नवीन शाला प्रवेश उत्सव भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश, पुस्तकें एवं पेन वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। विधायक गोयल ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार है तथा सरकार बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान पार्टी एवं समाज के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।

संगठन की मजबूती और जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाने में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है तथा संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होती है। 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ विकास और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। चंदेल और ककनार में आयोजित यह कार्यक्रम उत्साह, जनभागीदारी और विकास के संकल्प के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, हरिप्रसाद कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिवनंदन पेगड़, तुलुराम कश्यप, चन्द्रशेखर ठाकुर, सुदरू सेठिया, तुलाराम नाग, सुखचन्द ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बिजली दर वृद्धि वापस ले सरकार, नहीं तो होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

■ स्मार्ट मीटर और महंगे बिजली बिलों के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने आज राजीव भवन दंतेवाड़ा में पत्रवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर बिजली दरों में लगातार की जा रही वृद्धि, स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली तथा आम उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर तीखा हमला बोला।




उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह असफल साबित हुई है और लगातार लिए जा रहे फैसलों से आम नागरिक, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी तथा मध्यम वर्ग आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार ने बिजली दरों में एक बार फिर वृद्धि कर जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। इस बार घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 30 से 50 पैसे प्रति यूनिट तथा गैर घरेलू श्रेणी में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक की बढ़ोतरी की गई है। वहीं किसानों को भी राहत नहीं दी गई और कृषि पंपों की बिजली दरों में लगभग 40 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। खेती-किसानी पहले से ही लागत बढ़ने के कारण संकट में है, ऐसे समय में किसानों पर अतिरिक्त बोझ डालना पूरी तरह जनविरोधी फैसला है। लखेश्वर बघेल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बनने के बाद से अब तक पांचवीं बार बिजली के दाम बढ़ाए गए हैं। लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों, रसोई गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं के बढ़ते दामों से जनता पहले ही परेशान है, ऐसे में बिजली दरों में बार-बार वृद्धि आम लोगों की परेशानी को और बढ़ाने का काम कर रही है। विधायक बघेल ने कहा कि कुछ समय पहले ही सरकार ने विद्युत ईंधन एवं क्रय समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) के नाम पर 12 प्रतिशत तक अतिरिक्त भार उपभोक्ताओं पर डाला था। अब पुनः बिजली दरों में वृद्धि कर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि उसे जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जनता को राहत देने के लिए 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू की गई थी। इस योजना से लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिला था और गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों को आर्थिक राहत प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर जनता से किया गया वादा भी भूल गई है। आज प्रदेश के लाखों उपभोक्ता बिजली विभाग की कार्यप्रणाली से परेशान हैं। अनेक क्षेत्रों से शिकायतें मिल रही हैं कि लोगों के बिजली बिल पहले की तुलना में 4 से 4 गुना तक बढ़कर आ रहे हैं। गरीब परिवार, छोटे दुकानदार और मध्यम वर्गीय उपभोक्ता इन बढ़े हुए बिलों को जमा करने में असमर्थ हो रहे हैं। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को एक ही माह में अलग-अलग बिल भेजे जा रहे हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से अलग-अलग बिल मिलने की शिकायतें भी सामने आई हैं। इसके अलावा उपभोक्ताओं की सहमति के बिना अनुबंध भार (लोड) बढ़ाने और अतिरिक्त शुल्क जोड़ने के आरोप भी लगातार सामने आ रहे हैं। यदि किसी उपभोक्ता का अनुबंध भार बढ़ाया जाना है तो उसकी सहमति आवश्यक है, लेकिन विभाग द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद शिकायतों की संख्या तेजी से बढ़ी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उनकी वास्तविक खपत से अधिक रीडिंग दर्ज की जा रही है, जिसके कारण बिजली बिलों में भारी वृद्धि हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर सामान्य मीटरों की तुलना में अधिक तेजी से चल रहे हैं और इसी वजह से उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 45 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता बढ़े हुए बिलों की समस्या से जूझ रहे हैं। लोग बिजली विभाग के कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। सरकार जनता को राहत देने के बजाय बिजली कंपनियों के माध्यम से वसूली करने में लगी हुई है। भाजपा सरकार 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा करती है, लेकिन हकीकत में कई क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। एक ओर लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है और दूसरी ओर उन्हें भारी-भरकम बिल थमा दिए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि बढ़े हुए बिजली बिलों के पीछे 3 प्रमुख कारण हैं। पहला, बिजली दरों में लगातार की जा रही वृद्धि। दूसरा, कांग्रेस सरकार की बिजली बिल हाफ योजना को बंद किया जाना और तीसरा, स्मार्ट मीटरों के माध्यम से अधिक खपत दर्ज किए जाने की शिकायतें।

### बिजली बिल बढ़ाकर जनता को संकट में धकेल रही सरकार

**भोंड।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष एवं विधायक लखेश्वर बघेल ने प्रदेश में बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी को आम जनता, किसानों, छोटे व्यापारियों एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ अन्याय बताते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एक और प्रदेश की जनता पहले से ही बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है, वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकार ने बिजली की दरों में वृद्धि कर लोगों की परेशानियों को और बढ़ाने का काम किया है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली शुल्क में लगभग 6.23 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी देना सीधे तौर पर जनता की जेब पर डाका डालने जैसा है नई दरों के अनुसार घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 30 से 50 पैसे तक अधिक भुगतान करना पड़ेगा इससे 100 यूनिट बिजली खर्च करने वाले परिवारों को अतिरिक्त बोझ उठाना होगा। जबकि 400 और 800 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के बिजली बिल में सैकड़ों रुपये की बढ़ोतरी होगी।

### पीएम श्री सेजेस में प्रवेश उत्सव मनाया गया




**लोहण्डीगुड़ा।** पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लोहाण्डीगुड़ा में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ प्रवेश उत्सव के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का फूलमाला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन करते हुए उन्हें नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में एसएमडीसी अध्यक्ष बसंत कश्यप, खंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी, विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का पालन करने हेतु प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवीन सत्र के प्रथम दिवस पर विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच विशेष उत्साह, उमंग एवं नवीन ऊर्जा का संचार देखने को मिला। बच्चों ने अपने सहपाठियों एवं शिक्षकों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यालय का वातावरण उल्लासमय बना रहा। प्राचार्य ने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं नवाचार आधारित शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से पूरे मनोयोग एवं लगन के साथ अध्ययन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### निधन

**नरेन्द्र पाण्डेय**



**जगदलपुर।** स्कूल पारा करीतगांव निवासी आरण्यक ब्राह्मण समाज 360 घर के क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेन्द्र पाण्डेय (67) का आज प्रातः 4.15 बजे निधन हो गया। वे कमलेश और चंकी पाण्डेय के पिता थे। वे राष्ट्रीय विद्यालय जगदलपुर में बड़े बाबू के पद से सेवानिवृत हुए थे। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## बिजली के दाम पांचवीं बार बढ़ाया जाना जनता पर अत्याचार: जैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

■ पूर्व विधायक ने पत्रवार्ता में सरकार पर लगाए कई आरोप

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने बीजापुर में प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली दामों में 30 से 50 पैसे और गैर-घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोतरी की है। इस फैसले का कांग्रेस विरोध करती है। उन्होंने इसे जनता पर अत्याचार करार देते हुए कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद यह पांचवीं बार बिजली दरों में वृद्धि की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले से ही बेहद महंगे बिजली बिलों से परेशान जनता को राहत देने के बजाय सरकार लगातार बोझ बढ़ा रही है। इस बार कृषि पंपों की बिजली में भी 40 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है।



हाल ही में 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार भी बढ़ाया गया था। जैन ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 5 वर्षों में बिजली दरों में महज 2 पैसे की बढ़ोतरी की थी और उसमें भी 400 यूनिट तक बिजली बिल आधा करने की योजना लागू थी। वहीं इस सरकार ने 400 यूनिट तक की आधी बिल योजना बंद करने के बाद पांचवीं बार दाम बढ़ाए हैं।

जून माह में 45 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के बिल औसतन तीन गुना आ गए हैं, जिससे जनता बेहद परेशान है।

### ये रहे उपस्थित

प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, प्रवीण डोंगरे, वलवा मदनैया, कमलेश कारम, सालिक नागवंशी, हेमू उपाध्याय, वीरेंद्र साहनी, गिरधारी लाल राठी, ज्योति कुमार, राजेश जैन, पुरुषोत्तम खत्री, जितेंद्र हेमला, सुनील उद्दे, इदरीस खान, एजाज सिद्दीकी, गुड्डू कोरसा, महेश हेमला, पार्षद बबीता झाड़ी, नामपल्ली ब्रह्मचारी, जगदीश सेन, अखिलेश नाग, लक्ष्मण कोरसा मौजूद थे।

## जिले में खरीफ बुआई पर दोहरी मार डीजल संकट और गर्मी से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

मध्य जून से पहले मानसून की उम्मीद के बावजूद दंतेवाड़ा जिले में प्रचंड गर्मी से खरीफ सीजन की बुआई बुरी तरह प्रभावित हुई है। किसानों को इस बार दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है एक तरफ मौसम का मिजाज तो दूसरी तरफ डीजल का संकट।

जिले में करीब 40 हजार हेक्टेयर में धान की खेती होती है, लेकिन 16 जून तक सिर्फ 50 प्रतिशत बुआई ही हो पाई है। पेट्रोल पंपों पर डीजल नहीं मिल रहा। किसान घंटों लाइन में लगने के बाद मुश्किल से 20-25 लीटर डीजल पा रहे हैं, जिससे खेतों की जुताई नहीं हो पा रही। ट्रैक्टर वाले भी डीजल के अभाव में जुताई के लिए तैयार नहीं हैं।

मौसम विभाग ने 10 से 16 जून तक मानसून आने का पूर्वानुमान लगाया था। 10 जून को जिले में मध्यम बारिश हुई, लेकिन उसके बाद लगातार गर्मी पड़ रही है। जिन किसानों ने बुआई कर ली है, उन्हें अब बीज खराब होने का डर सता रहा है। खेतों में नमी नहीं है, जिससे धान का



अंकुरण सही ढंग से नहीं हो पाएगा। बारसूर निवासी थलेश ठाकुर बताते हैं कि 10 जून के बाद बुआई करने वाले किसान चिंतित हैं। मुचनार, बारसूर, उपेट, भटपाल, छिंदनार, चेरपाल समेत कई गांवों में बोनी का काम अधूरा है। पिछले साल इस समय तक 70 प्रतिशत बुआई पूरी हो चुकी थी, लेकिन इस बार किसान काफी पिछड़ गए हैं।

सरकार कोदो-कुटकी की खेती के लिए प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि दे रही है। भूम गादी कृषक समूह को किसानों को प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन अधिकांश किसानों को इस समूह की जानकारी ही नहीं है। किसान चाहते हैं कि पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर समूह के सदस्य किसानों से सीधी चर्चा करें।

## देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में होगा पत्रकारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

शबरी माता जनकल्याण सेवा समिति द्वारा देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकारिता सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

रविवार को होने वाले इस कार्यक्रम में सभी पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा। सुकमा जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में बताया गया कि देवर्षि नारद केवल एक पौराणिक चरित्र नहीं ,बल्कि संवाद और सूचना के आदर्श हैं।



देश के प्रथम समाचार-पत्र उदंत मार्तण्ड के प्रथम पृष्ठ पर नारद का उल्लेख किया जाता था। वे उस दौर में भी प्रखर संवाददाता के रूप में जाने जाते थे।

पत्रकार सम्मान समारोह 21 जून को सुबह 10 बजे से विवेकानंद सभा कक्ष में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि आनंद सिंह राजपुरोहित डीआईजी सीआरपीएफ एवं मुख्य वक्ता प्रियंका कौशल वरिष्ठ पत्रकार, विशिष्ट अतिथि दीपिका सोरी महिला आयोग सदस्य, सुखसागर वारे जिला जनसंपर्क अधिकारी एवं राजेन्द्र पीसा अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ की उपस्थिति में होगा।

## नव नियुक्त सरपंच मनीराम ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

जनपद पंचायत छिंदगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत रोकेल में सरपंच उप चुनाव में निर्वाचित हुए मनीराम बेलसरिया का शपथ ग्रहण समारोह पंचायत भवन रोकेल में सम्पन्न हुआ। समारोह में पीठासीन अधिकारी मनीराम कोडोपी द्वारा नव निर्वाचित सरपंच मनीराम बेलसरिया को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री सोयम मुका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और मनीराम बेलसरिया को ग्राम विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आयोजित था। मंच पर जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के 150वें जनजातीय गौरव वर्ष का बैनर लगा था, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के चित्र अंकित थे। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन एवं टीआरआई का सहयोग रहा। सोयम मुका ने कहा कि आदि सेवा केन्द्र के माध्यम से गांव-गांव तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। मनीराम को जनता ने विकास के लिए चुना है। रोकेल में सड़क, शुद्ध पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता होगी। नव नियुक्त सरपंच मनीराम बेलसरिया






ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता से धरातल पर उतारेंगे। समारोह में भाजपा जिला प्रवक्ता रमेश यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इजराईल खान पूर्व सरपंच बजरंग बघेल, ग्राम पटेल आसमन बेलसरिया, सोनाधर मांझी, कार्यकर्त्ता रामे कुंजाम, जगदीश नाग, पंच, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने ज्ञापन



**दंतेवाड़ा।** जिला पत्रकार संघ ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा एवं स्वतंत्र पत्रकारिता सुनिश्चित करने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई है। इस संबंध में पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।




### // शपथ पत्र//

मैं रिंकी भोगामी, पुत्री कुमारी दीबयाती (KUMARI DIBAYATI), निवासी शिव मंदिर वार्ड, समलूर तहसील गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा छ.ग. एतद् द्वारा पुष्टि करती हूँ और निम्नानुसार घोषित करती हूँः-

1. मैं छ.ग. की स्थायी निवासी हूँ।
2. मैं अपने नाबालिग पुत्री का नाम कुमारी दीबयाती (KUMARI DIBAYATI) से दिव्यांशी भोगामी (DIVYANSHI BHOGAMI) करवाना चाहती हूँ।
3. मैं अपने नाबालिक पुत्री का नाम दिव्यांशी भोगामी (DIVYANSHI BHOGAMI) बदलकर यदि कोई, गैर, कानूनी काम करती हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।
4. मेरे पति सहदेव भोगामी को हमारे नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ ।

**रिंकी भोगामी**

### न्यायालय तहसीलदार (नजूल) जगदलपुर, जिला-बस्तर (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

राजस्व प्रकरण क्रमांक /ब-121/2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री कार्तिक चन्दू चौधरी पिता स्व. बंकिम चौधरी निवासी शिवमंदिर वार्ड आम बगीचा घेरा जगदलपुर जिला बस्तर द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक अपने पुत्र अरघा चौधरी के लिये आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय सम्पत्ति प्रमाण पत्र (EWS) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र परिशिष्ट-एक में आवेदन पत्र पेश किया है ।

उपरोक्त संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति करनी हो तो दिनांक 03/07/2026 के पूर्व न्यायालय तहसीलदार (नजूल) परिसर में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत तिथि के पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 18.6.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### पुस्तक, गणवेश, पेन, कापी पाकर विद्यार्थियों में उत्साह



**जगदलपुर।** नवीन शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस पर प्रत्येक स्कूलों में स्कूल स्तर पर शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापक द्वारा स्कूल स्तर पर प्रवेश उत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया गया, जिसमें शाला ग्राम में निवासरत जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर किया गया।
जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पाठ्यपुस्तक, गणवेश पेन कॉपी प्रदान किया गया शैक्षणिक सामग्री पाकर सभी बच्चों में प्रसन्नता की लहर दौड़ पड़ी। इस अवसर पर बच्चों के लिए विशेष पकवान दाल, चावल पूड़ी, खीर भी मध्यान भोजन में बनाया गया। स्कूल पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने पालक एवं एसएमसी सदस्यों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को का दाखिला स्कूल में करावे तथा कोई भी बच्चा स्कूल जाने से ना छूटे इसका विशेष ध्यान रखें। खंड शिक्षा अधिकारी अजय शर्मा ने सभी प्राचार्य प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक शिक्षिकाओं से आग्रह किया है कि प्रत्येक घर पर जाकर सर्वे कर 6 से 14 वर्ष की प्रत्येक बच्चों का स्कूलों में प्रवेश अवश्य दिलाए कोई भी बच्चा स्कूल आने से ना छूटे इसके लिए एसएमसी एवं पालकों से अवश्य संपर्क कर लें तथा शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर आयु के अनुरूप उन्हें कक्षा में प्रवेश देते हुए मुख्य धारा में लावे।

### देऊरगांव में मना शाला प्रवेश उत्सव



**जगदलपुर।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला देऊरगांव विकासखंड तोकापाल जिला बस्तर में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। हर्षोल्लास के वातावरण में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत पारंपरिक अंदाज में तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर, मुंह मीठा करा कर, निःशुल्क स्लेट, पेंसिल, कॉपी, पेन, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश इत्यादि वितरण कर शाला में प्रवेश दिलवाया गया। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर शाला की ओर से गत वर्ष वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार के साथ सम्मानित किया गया।

### फाउंडेशन के सदस्यों ने लोगों को किया जागरूक

**जगदलपुर।** शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से कुटुंब ह्यूमैनिटी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा वार्डों में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज फाउंडेशन के सदस्यगण डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड पहुंचे और वार्डवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।
अभियान के दौरान टीम ने कचरा संग्रहण वाहन के साथ वार्ड का भ्रमण करते हुए नागरिकों से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कर कचरा गाड़ी में ही देने का आग्रह किया। साथ ही कचरे को सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं नालियों में नहीं फेंकने की अपील की गई। घर-घर संपर्क कर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया गया तथा नगर को साफ-सुथरा रखने में सहभागिता का संदेश दिया गया।
वार्ड पार्षद लक्ष्मण झा ने कहा कि फाउंडेशन का जनजागरूकता अभियान सराहनीय है।
आज के अभियान में फाउंडेशन की ओर से मनीषा देवांगन, युवराज देवांगन, वैभव दास, चंदा जोशी, श्रेयांस गुप्ता, विकास कर्ण एवं अमित नेताम ने सहभागिता निभाई और वार्डवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि संस्था अब तक 8 वार्डों में स्वच्छता जागरूकता अभियान संचालित कर चुकी है ।

# बड़े देवड़ा आना सौभाग्य की बात, गांव के विकास में दूंगा हरसंभव सहयोग

## बाबा भैरव जात्रा में शामिल हुए सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावंड ब्लॉक के ग्राम बड़े देवड़ा में बाबा भैरव जात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस आयोजन में ग्रामीणों के आमंत्रण पर सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव विशेष रूप से सम्मिलित हुए और बाबा भैरव सहित मावली माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की ।

बड़े देवड़ा में जात्रा प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण सम्मिलित होते हैं। कुमार जयदेव के बड़े देवड़ा पहुंचने पर महिलाओं ने परम्परानुसार स्वागत किया। कुमार जयदेव ने बताया कि यह सौभाग्य का विषय है कि बड़े देवड़ा में भैरव बाबा के जात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच, पुजारी सहित ग्रामवासियों ने क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यहां बड़े देवड़ा के ही नहीं अपितु दुबेउमरगांव के ग्रामीण जो बस्तर दशहरा में रथ निर्माण करते हैं वह भी शामिल हुए । उन्होंने कहा कि परंपरानुसार हुए स्वागत से अभिभूत हूं। इसे ग्रामीणों का उदारता बताते हुए कहा कि वह हर समय गांव के विकास के लिए हरसम्भव सहायता के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्णतः सामाजिक और गैर राजनीतिक है।

सरपंच सुमित्रा कश्यप ने बताया कि बड़े देवड़ा में भैरव बाबा का प्रसिद्ध मंदिर है जिसमें आज जात्रा का आयोजन किया गया था जिसमें सुकमा जमींदार परिवार के कुमार जयदेव को शामिल होने विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा वे जात्रा में शामिल हुए यह गांव के लिए गौरव की बात है। गांव की निवासी कौशल्या ने बताया कि वे हमारे आमंत्रण पर जात्रा में शामिल हुए इससे गांव के सभी लोग प्रसन्न हुए।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सिंकदर सिंह, मुरली सिह, योगेश सिंह, दन्तेश्वरी पुजारी प्रेम कुमार पाढ़ी, मावली पुजारी अनिल ठाकुर, पढ़यार, माड़पाल के पुजारी अरुणा चौहान, मंजु ठाकुर, किरण ठाकुर, भारती ठाकुर, यशोदा ठाकुर, एम डी राठौर, पीताम्बर सिह, मुकुंद सिंह मधुशंकर सेठिया, रणधीर सिंह बिभुती मिश्रा विवेक जैन कौशल्या साहू राजू साहू, दलपती, प्रकाश रावल, मनोज जंगम, राकेश दास एवं तहसीलदार रूपेश मरकाम, पुलिस प्रशासन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## शहीदी दिवस पर गुरूद्वारा में हुआ विशेष कार्यक्रम

# गुरुद्वारे में गूंजी गुरुबाणी, सभी वर्गों ने छका लंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर गुरुवार को शांति नगर स्थित गुरुद्वारे में सिख समाज ने श्रद्धा और आस्था के साथ विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में

- श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस

सिख समाज के लोगों के साथ विभिन्न समाजों के श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर गुरु साहिब को नमन किया और गुरुओं के लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातःकालीन अरदास, कीर्तन और गुरु वाणी के पाठ के साथ हुई। गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर मानवता, भाईचारे और सेवा भाव का संदेश ग्रहण किया। पूरे दिन गुरुद्वारा परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। सेवादारों ने संगत के लिए शरबत और लंगर की व्यवस्था की थी। जिसमें सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर रागी जत्था ने गुरु अर्जन देव के जीवन और उनके महान बलिदान पर प्रकाश डाला। वर्ष 1563 में गोइंदवाल साहिब में जन्मे गुरु अर्जन देव सिख धर्म के पांचवें गुरु थे। उनके पिता गुरु रामदास और माता बीबी भानी थीं। गुरु अर्जन देव बचपन से ही आध्यात्मिक विचारों, विनम्र स्वभाव और मानव सेवा के प्रति समर्पित थे। उन्होंने सिख धर्म को संगठित और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अमृतसर में हरमंदिर साहिब, जिसे आज स्वर्ण मंदिर के नाम से जाना जाता है, के निर्माण कार्य को पूर्ण कराया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि हरमंदिर साहिब के चारों द्वार सभी धर्मों, जातियों और वर्गों के लोगों के लिए खुले रहें, जो समानता और सर्वधर्म समभाव का प्रतीक है। सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ का संकलन भी कराया, जिसमें सिख गुरुओं के साथ-साथ विभिन्न संतों और भक्तों की वाणी को स्थान दिया गया। यह उनके उदार और



समावेशी दृष्टिकोण का प्रतीक है। इतिहासकारों के अनुसार उन्होंने सत्य, न्याय और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। वर्ष 1606 में उन्हें तत्कालीन मुगल शासक जहांगीर के शासनकाल में अमानवीय यातनाएं दी गईं, लेकिन उन्होंने अपने सिद्धांतों और आस्था से कभी समझौता नहीं किया। इसी कारण उन्हें सिख धर्म का प्रथम शहीद गुरु माना जाता है।

गुरुद्वारा सिख कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि गुरु अर्जन देव का जीवन त्याग, सेवा, सहिष्णुता और मानव कल्याण की प्रेरणा देता है। उनका संदेश आज भी समाज को एकता, सद्भाव और निस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। शहीदी दिवस के अवसर पर संगत ने गुरु साहिब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

### प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान

शहीदी दिवस पर विगत माह से समाज के बच्चों को गुरुवाणी का वचन करना सिखाया गया जिसमें 25 बच्चों ने हिस्सा लेकर गुरुवाणी पढ़ना सिखा। जिन्हें आज समाज ने सम्मानित किया। साथ ही सिख समाज के बच्चे जो विभिन्न स्कूलों में पढ़ाई कर 10वीं और 12वीं क्लास में पास हुए हैं, उन्हें भी सिख समाज द्वारा संचालित गुरु नानक पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप प्रथम 3100, द्वितीय 2100 एवं 1100 रुपए नकद राशि दिया गया। जिसमें 10वीं क्लास की अशनित कौर, अशमीत सिंह, प्रभाजोत सिंह तथा 12वीं क्लास दलजीत प्रीत सिंह बख्शी, सिरत कौर, प्रेखेर रिया, सहजप्रीत सिंह, जपीत सिंह को सम्मानित किया गया।

# बारिश से नालियों का कचरा सड़क पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के मुख्य मार्ग महारानी अस्पताल से हनुमान मंदिर चौक के बीच गुरूवार को हुई बारिश ने नगर निगम की साफ सफाई और ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी। बारिश के कारण नाली का कचरा उपर आकर सड़क किनारें के दुकानों के आसपास फैल गया। न्यू नरेंद्र टाकिज के सामने कई बड़ी दुकानें है जिनमें होटल भी शामिल है। जहां चाय नास्ता और बिरियानी खाने पहुंचे लोग गंदगी के चलते नाक में रूमाल रखकर लौट गए। दुकानदारों ने हरिभूमि से कहा कि साफ सफाई के लिए नगर निगम को टैक्स देते है लेकिन बारिश के समय सबसे ज्यादा गंदगी से परेशानी हो रही है। निगम का भारी भरकम अमला क्या कर रहा है इस पर प्रशासन और महापौर को ध्यान देना चाहिए।

## भीषण गर्मी में शहर के शालाओं में सन्नाटा

# दमपाया और एरागुंफा के बच्चे पहुंच रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

एक ओर जहां भीषण गर्मी और 38 से 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे शिक्षा के प्रति लगन और समर्पण का परिचय दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सभी सुविधाओं से युक्त शहरी स्कूलों में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति चिंता का विषय बनी है।

- शहर के स्कूलों में कम उपस्थिति चिंता का विषय
- तपती धूप में भी शिक्षा के प्रति समर्पण दिख रहा गांव के स्कूलों में

भोपालपटनम ब्लॉक की ग्राम पंचायत दमपाया में संचालित प्राथमिक विद्यालय, जो टीन शेड के नीचे संचालित हो रहा है वहां बच्चे तपती धूप और सीमित संसाधनों के बावजूद नियमित रूप से अध्ययन करते दिखाई दिए। विद्यालय में दर्ज 15 विद्यार्थियों में से 12 बच्चे उपस्थित रहे और पूरे उत्साह के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई करते नजर आए। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन का संचालन भी पाया गया।

इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय एरागुंफा में भी बच्चे पढ़ाई में जुटे दिखाई दिए। ग्रामीण अंचल के इन विद्यालयों में भले ही शहरी क्षेत्रों जैसी सुविधाएं उपलब्ध न हों, लेकिन बच्चों और शिक्षकों की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता प्रेरणादायक है।

वहीं दूसरी ओर नगर क्षेत्र मद्देड़ में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तथा शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद अपेक्षित उपस्थिति नहीं दिखी। हालांकि दोनों विद्यालयों के शिक्षक और कर्मचारी ड्यूटी पर






उपस्थित रहे और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन में लगे रहे।

इस संबंध में मीडिया से चर्चा करते स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य श्रीनिवास कुमार जनगम ने बताया कि विद्यालय में 371 दर्ज संख्या हैं तथा नए प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित कर रहा है। उनका मानना है कि भीषण गर्मी विद्यार्थियों की कम उपस्थिति का प्रमुख कारण हो सकती है।

इसी प्रकार शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य पवन सोनी भी कर्मचारियों के साथ विद्यालय में उपस्थित मिले। उन्होंने भी विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाने की बात कही।

### भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित

क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी का असर जनजीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम हलचल देखने को मिल रही है। ऐसे में शिक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप रणनीति बनाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों की उपस्थिति और शिक्षा के प्रति उनकी लगन यह संदेश देती है कि सीखने की इच्छा मजबूत हो तो परिस्थितियां बाधा नहीं बनतीं। वहीं शहरी विद्यालयों में कम उपस्थिति का विषय शिक्षा विभाग और प्रशासन के लिए चिंतन का विषय है।

### प्रशासन और शिक्षा विभाग पहल करें

स्थानीय नागरिकों का मानना है कि शासन और प्रशासन को क्षेत्र की भौगोलिक एवं जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करनी चाहिए, ताकि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रभावी रूप से पहुंच सके।

# भवन विहीन और शिक्षक विहीन शालाओं में कैसे मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने बस्तर संभाग की शिक्षा व्यवस्था को चिंताजनक बताते हुए कहा है कि सरकार के शिक्षा सुधार संबंधी दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। जारी बयान में उन्होंने कहा कि विभागीय आंकड़ों के अनुसार बस्तर जिले के 1,526 विद्यालयों में से 60 विद्यालय अति जर्जर स्थिति में हैं, 37 विद्यालय भवनविहीन हैं तथा 360 विद्यालय एकल शिक्षक संचालित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त संभाग में लगभग 6,201 सहायक शिक्षकों के पद रिक्त हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासी



- व्यवस्था सही नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

अंचल के बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, वहीं दूसरी ओर अनेक शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल से हटाकर विभिन्न कार्यालयों एवं अन्य स्थानों पर संलग्न किया गया है। इससे विद्यालयों की शिक्षा प्रभावित हो रही है।

उन्होंने यह भी मांग की कि शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षकों एवं अधिकारियों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए ताकि वे शिक्षण कार्य कर सकें। शिक्षा के नाम पर प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन विद्यालयों की वास्तविक स्थिति गंभीर प्रश्न खड़े करती है। इसलिए समग्र शिक्षा अभियान, पीएम श्री योजना, छात्रावास योजनाओं, आश्रम-आवासीय विद्यालयों, सहित सभी योजनाओं का वित्तीय, तकनीकी एवं सामाजिक ऑडिट कराया जाना चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 30 दिवस के भीतर प्रभावी कार्यवाही नहीं की जाती है तो धरना-प्रदर्शन एवं जनआंदोलन करेंगे।

## पीएम राहत और कार्ड ब्लॉकिंग पर दिया गया तकनीकी मार्गदर्शन

**जगदलपुर।** स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान शाखा के अंतर्गत आज महारानी अस्पताल के शहीद गुंडाधुर सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले के समस्त आयुष्मान भारत योजना के तहत पंजीकृत शासकीय व निजी चिकित्सालयों, मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के संस्था प्रमुख और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन और तकनीकी बारीकियों से सभी को अवगत कराना था। बैठक में मुख्य रूप से जनकल्याणकारी और तकनीकी विषयों पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए, जिसके तहत सड़क दुर्घटना के मरीजों को आपातकालीन स्थिति में त्वरित और सुचारू इलाज उपलब्ध कराने के संबंध में पीएम राहत योजना के तहत आवश्यक निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही, डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत नेक्स्ट जेन, आभा आईडी निर्माण, हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री और हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए इस कार्य में गति लाने के निर्देश दिए गए।

# उद्यान परिसर में बन रहा है सियान सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भगत सिंह वार्ड के उद्यान का महापौर, अध्यक्ष एवं आयुक्त ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर परिसर में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा, मार्गो के उन्नयन तथा हरित वातावरण विकसित करने जैसे कार्यों को

- बस्तर क्लब में बन रहा बॉक्स क्रिकेट

प्राथमिकता देने पर चर्चा हुई। भंगाराम चौक स्थित उद्यान में सोलर लाईट का निरीक्षण किया तथा मंदिर समिति द्वारा एक बाथरुम बनाये जाने की मांग की गई जहां शासन की योजना सियान सदन बनाया जा रहा है। उद्यान को आकर्षक, स्वच्छ एवं जनसुविधा युक्त बनाने के लिए आवश्यक कार्यो तथा सौंदर्यीकरण कराने के संबंध निर्णय लिया गया। उद्यान के दूसरी तरफ बस्तर क्लब में नवनिर्मित बॉक्स क्रिकेट का निरीक्षण किया। महापौर ने कहा कि सौंदर्यीकरण तथा विकास कार्यों से शहर के निवासियों को अधिकतम सुविधाएं प्राप्त हों, इसके लिए आवश्यक कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। साथ ही स्थल को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए सौंदर्यीकरण किए जाएंगे।



### ये रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य निर्मल पानिग्राही, कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर दीपांशु देवांगन, प्रवीण पोयम, अशोक कुमार पांडे एवं चेरपा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बारिश से पहले ठेकेदारों को काम पूरा करने दिया गया अल्टीमेटम

# जर्जर नाली और सड़क देख नाराज हुए महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बारिश से पूर्व नगर में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने महापौर संजय पांडे ने गुरुवार को प्रवीर वार्ड के दूरखुट्टा गली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड में जर्जर हो चुकी नाली और सड़क देखकर, निगम के अधिकारियों को नई नाली और सड़क की कार्ययोजना बनाने निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने जल भराव की स्थिति को देखते हुए इन नालियों को बालीकोंटा जा रही सीवर के बड़ी नालियों से जोड़ने के निर्देश दिए।

महापौर ने इस गली में सीसी सड़क की जगह बीटी सड़क निर्माण के लिए आधिकारियों को निर्देशित किया। इससे पहले उन्होंने नगर निगम कार्यालय में इंजीनियर विमल सिंह गोयल के क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्डों में संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

### समय सीमा में काम शुरू करें ठेकेदार

बैठक में महापौर ने वार्डो में विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति, कार्य



प्रारंभ की स्थिति तथा निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं पर जानकारी प्राप्त की । साथ ही अप्रारंभ कार्यों को संबंधित ठेकेदारों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में प्रारंभ करने तथा प्रगतिरत कार्यों को वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण करने के संबंध में निर्देश दिए।

### बेहतर सुविधा देने पहल

महापौर ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा कर उनकी प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। समीक्षा में नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन , एम.आई.सी. सदस्य निर्मल पानिग्राही, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा , कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, पार्षद श्याम सुंदर बघेल, गायत्री बघेल, माया नायक, कोमल सेना, शेख जाहिद हुसैन, इंजीनियर प्रवीण पोयम , पूरन देवांगन सहित संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।